Jansatta, Kolkata, September 04, 2010

छात्रों ने दिखाई अपने ज्ञान की प्रतिभा

कोलकाता, 3 सितंबर (जनसत्ता)। महानगर के कलामंदिर प्रेक्षागृह में शुक्रवार को विभिन्न स्कूल के छात्रों ने अपने ज्ञान की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौका था टीसीएस आईटी विज-2010 क्विज प्रतियोगिता का, जिसका आयोजन टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस (टीसीएस) की ओर से किया गया था। इस प्रतियोगिता के रिजनल राउंड में आज छह स्कूलों ने हिस्सा लिया था और कोलकाता के डब्ल्यूडब्ल्यूए काशीपुर इंग्लिश स्कूल के सायंतन भट्टाचार्य व देवअर्घ्य बसु ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मार ली। दूसरे स्थान पर लोयोला स्कूल, जमशेदपुर के अविरल दासगुप्त व आदित्य मूर्ति रहे। जबकि तीसरा स्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल, रूबी पार्क के छात्रों ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को राज्य के सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्री देवेश दास ने पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर टीसीएस कोलकाता ऑपरेशंस के प्रमुख श्रीधर बक्शी समेत कई गणमान्य अतिथि भी मौजूद थे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले डब्ल्यूडब्ल्यूए काशीपुर इंग्लिश स्कूल के दोनों विजेता छात्र इस साल दिसंबर में होने वाले इस प्रतियोगिता के फाइनल राउंड यानी टीसीएस आईटी विज नेशनल चैंपियन में हिस्सा लेंगे।